सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा

सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - २४ | सोमवार – ०२/११/२०२४ | पृष्ठ – ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### नारी सशक्तिकरण मे अग्रणी मध्यप्रदेश।

नारी सशक्तिकरण के नव प्रतिमान गढ़ते मध्यप्रदेश ने सफलता की अनेकों कहानियां लिखकर राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे सतत प्रयासों ने महिलाओं को स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बनाया है। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने शासकीय सेवाओं में महिलाओं के आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ा कर 35 प्रतिशत किया है। साथ ही पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की है। उद्यमी महिलाओं को राज्य सरकार 2 प्रतिशत दर से ऋण भी उपलब्ध करा रही है। आजीविका मिशन के माध्यम से 40 लाख से अधिक महिलाओं को स्व–रोजगार से जोड़ा गया है।

राज्य सरकार के वादों और इरादों में कोई अंतर नहीं है। राज्य सरकार ने माता–बहनों और बेटियों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए नित नई योजनाएं चलाई हैं, जिनके परिणाम उत्साह बढ़ाने वाले हैं। इन प्रयासों के चलते ही मध्यप्रदेश में महिलाएं अब मजबूर नहीं बल्कि मजबूत होकर उभरी हैं। बेटियां वरदान कहीं जाने लगी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि के मंत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आत्मसात करते हुए लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए दिन–रात एक कर दिए हैं। उनके सफल प्रयासों की सफलताओं के नवांकुर आज राज्य को अलंकृत कर रहे हैं। महिलाओं को मजबूर से मजबूत बनाने का अभियान आज उनके सशक्त और आत्मनिर्भरता की कहानी उनकी जुबानी कह रहा है। देश के कई राज्यों ने महिला सशक्तिकरण को लेकर मध्यप्रदेश द्वारा उठाए गए कदमों को सराहा है और अपने राज्यों में लागू भी किया है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से राज्य की लगभग एक करोड़ 29 लाख महिलाओं को मासिक 1250 रुपए की राशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। महिला सशक्तिकरण की यह अनूठी पहल अन्य राज्यों के लिये अनुकरणीय होकर क्रियान्वित की जा रही है। महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार जैसे राज्यों ने लाड़ली बहना योजना को मील का पत्थर मानते हुए अपनाया है

## भारतीय सीमा मे घुसा पाकिस्तानी युवक,बीएसएफ ने पकडा ,पास से पाकिस्तानी करन्सी भी मिली पाक रेन्जर्स की रिक्वेस्ट पर लोटाया l

*पंजाब के पास अमृतसर कि घटान है इस तरह कई पाकिस्तानी नागरीको को पकडा गया।*



भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अमृतसर में शुक्रवार (29 नवंबर) को एक पाकिस्तानी नागरिक गलती से भारतीय सीमा में घुस गया। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तानी नागरिक को वापस सौंप दिया। बीएसएफ के इस कदम की पाकिस्तान रेंजर्स ने सराहना की। बीएसएफ द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिक कल गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया था। बीएसएफ कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद प्रोटोकॉल के मुताबिक जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में बीएसएफ ने पाया कि व्यक्ति गलती से और बिना किसी इरादे के सीमा पार कर गया था। जिसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया गया। नियमानुसार व्यक्ति की पहचान की गई। जिसके बाद ठैथ अधिकारियों ने उसे वापस सौंपने का फैसला किया।भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तानी युवक, बीएसएफ ने पकड़ारूपाकिस्तान की करेंसी भी मिली; बोला– गलती हो गई, पाक रेंजर्स की रिक्वेस्ट पर लौटाया

## दमोह के पु र्व विधायक पति ओर 25 साथियो को उम्र केद की सजा l

*हात्याकांड के आरोप मे सभी को सजा।*



में हटा कोर्ट ने पथरिया से पूर्व विधायक रामबाई सिंह परिहार के पति गोविंद सिंह, देवर कौशलेंद्र उर्फ चंदू समेत 25 लोगों को उम्र कैद सुनाई गई है। इनमें हटा जनपद अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल भी शामिल है। मामले में 27 लोग आरोपी बनाए गए थे। इनमें से एक आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। वहीं, एक आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।फैसला हटा के अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक की कोर्ट ने सुनाया। शनिवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कोर्ट के रास्ते पर ट्रैफिक भी रोक दिया गया था। हालांकि आरोपी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में जुड़े थे। 5 साल पहले हुई थी कांग्रेस नेता की हत्या – कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया की हत्या पांच साल पहले 15 मार्च 2019 को पीट–पीटकर की गई थी। इसमें देवेंद्र के भाई महेश चौरसिया ने 27 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तब आईपीसी की धारा 302, 149, 323, 294, 307, 147, 148, 149, 506 के तहत केस दर्ज किया था।

## महाराष्ट्र सीएम का चेहरा तय नही पर शपथ की तारिख तय,शिदे के साथ विश्वास घात - कॉंग्रेस

*शपथ ग्रहण समाहरो ५ दिसम्बर को मुम्बई में*



महाराष्ट्र में नतीजे आए 8 दिन हो गए हैं लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे का आधिकारिक ऐलान बाकी है। शपथ ग्रहण समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा।


महायुति सरकार में मंत्रालय बंटवारे को लेकर पेंच फंसा है। दिल्ली में बैठक करके लौटे एकनाथ शिंदे सभी कार्यक्रम रद्द कर अचानक 29 नवंबर को सातारा स्थित पैतृक गांव चले गए। एक दिन बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। फिलहाल उनकी हालत ठीक है। वह दोपहर 2 बजे हेलिकॉप्टर से ठाणे लौट आएंगे।

## मुंबई में 26 वर्षीय महिला डिजिटल अरेस्ट कपडे उतरवाए ओर सात लाख वसुले l

मुंबई में एक 26 साल की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर वीडियो कॉल पर उसके कपड़े उतरवाए गए। ठगों ने फार्मास्यूटिकल कंपनी में काम करने वाली महिला के सामने खुद को दिल्ली पुलिस का अफसर बताया। आरोपियों ने महिला से कहा कि उसका नाम जेट एयरवेज के फाउंडर–चेयरमैन नरेश गोयल से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। गोयल अभी जेल में है। इसके बाद ठगों ने महिला से 1.7 लाख रुपए की वसूली की।मुंबई में रहने वाली एक 26 साल की महिला को ठगों ने को कॉल करके बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। महिला को अपनी बात पर यकीन दिलाकर ठगों ने वॉयस कॉल को वीडियो कॉल पर शिफ्ट किया।

## चलती कार मे उज्जैन मे गेंगरेप एक आरोपी गिरफ्तार

*तीन युवको ने घटना को अन्जाम दिया।*



उज्जैन में शुक्रवार शाम को चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कार में गेंगरेप की घटना सामने आई है। तीन युवक किशोरी को बहला–फुसलाकर कार में ले गए थे, जिसके बाद चलती कार में हैवानियत कर किशोरी को मेडिकल कॉलेज के सामने छोड़कर भाग गए। चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की ने 3 युवकों पर गेंगरेप का आरोप लगाया। उसने बताया कि अहमद नगर कालोनी निवासी साहिल बहला–फुसलाकर अपने साथ कार में आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज की ओर लेकर गया। कार में दो अन्य युवक ओर सवार हुए। तीनों ने मुंह दबाकर चलती कार में दुष्कर्म किया।

इसके बाद तीनों आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के समीप छोड़ गए। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि नाबालिग की गुमशुदगी थाने में दर्ज थी, मामला पहले धारा 363 में दर्ज किया गया था। लड़की के मिलने पर थाने पर लाकर जब पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया।

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य पर मधुमक्खियों का हमला शिवपुरी में माधव नेशनल पार्क मे ड्रेजिंग मशीन के उद्घाटन मे पहुचे थे l



शिवपुरी में माधव नेशनल पार्क में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। वहां मौजूद 12 से ज्यादा लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जैसे–तैसे बाहर निकाला। सिंधिया यहां चांदपाठा झील पर ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें बिना उद्घाटन किए ही लौटना पड़ा।घटना शनिवार दोपहर 3.30 बजे की है। चांदपाठा झील (रामसर साइट) के पानी पर बने प्लेटफॉर्म पर सेलिंग क्लब पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ कुछ लोगों को ही जाने की अनुमति थी। हालांकि कुछ घंटे बाद सिंधिया दूसरे कार्यक्रम अटैंड कर दोबारा वहां पहुंचे और ड्रेजिंग मशीन का उद्घाटन किया।

## बीजेपी नेता के बेटे ने प्रधान आरक्षक को मारे थप्पड

अनूपपुर में भाजपा नेता व पसान नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह के बेटे अभिषेक सिंह का गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। वीडियो में भाजपा नेता का बेटा पुलिसकर्मी की पिटाई करता नजर आ रहा है। मामला शनिवार दोपहर का है।

घटना उस वक्त की है, जब गोविंद खदान की बूम बैरियर पर अभिषेक उर्फ विक्की सिंह की पिकअप को जांच के लिए सीआईएसएफ के प्रधान आरक्षक गणेश प्रधान ने रुकवाया। भाजपा नेता के बेटे अभिषेक ने कहा– तूने मेरी गाड़ी कैसे रोक ली। इस पर जवान ने कहा– यह मेरी ड्यूटी है।

यह बात नागवार गुजरी। उसने प्रधान आरक्षक से कहा कि तुम विक्की सिंह का नाम सुनकर भी नहीं पहचाने।प्रधान आरक्षक ने पूछा कि तुम काम क्या करते हो। इस दौरान पुलिसकर्मी मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। वीडियो में विक्की गाली–गलौज करते दिख रहा है। विवाद के दौरान विक्की सिंह ने उसे थप्पड़ मारना शुरू कर दिए। मामले में 12 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है।

कोतमा थाने में केस दर्ज – कोतमा थाना प्रभारी सुंदरेश मरावी ने बताया कि आरोपी विक्की सिंह में गोविंद खदान पर पिकअप चलती हैं। सीआईएसएफ जवान ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर विक्की सिंह पर शासकीय कार्य में बाधा, जान से मारने की धमकी व अन्य धाराओं में मामला किया है।

## मध्यप्रदेश को मिले नए आईएएस मिले

लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा वर्ष 2023 में जारी किए गए परिणाम के बाद अब अफसरों को कैडर अलॉट कर दिया गया है। कुल 180 अफसरों में से 9 अफसरों को मप्र कैडर मिला है। इनमें 3 आईएएस छाया सिंह, आकाश अग्रवाल और कुलदीप पटेल मप्र के ही रहने वाले हैं। छाया सिंह आईएएस छोटे सिंह की बेटी हैं। बाकी 6 में से 4 आईएएस महाराष्ट्र के मूल निवासी हैं, 1 राजस्थान और एक उप्र के रहने वाले हैं। इन 9 को मिलाकर मप्र में अब कुल 393 आईएएस अफसर हो गए हैं। नवंबर में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी घ्की गई ग्रेडेशन लिस्ट में 385 आईएएस अफसर थे, लेकिन इस महीने 1990 बैच के आईएएस अफसर मलय श्रीवास्तव सेवानिवृत्त हो गए हैं।




डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



## सट्टा अंक लिखते दो आरोपी गिरफ्तार

शहर के कैंट थाना पुलिस ने दो अलग–अलग जगह कार्रवाई की। इसके तहत सट्टा अंक लिख रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जुआ–सट्टा के तहत मामला दर्ज किया। पहली सूचना के मुताबिक कैंट पुलिस शहर के मूलचंद मार्ग स्थित एवन मटन दुकान के सामने पहुंची। यहां रुपए लेकर सट्टा अंक लिख रहे रफीक (48) पिता अजीज मुसलमान निवासी खारीकुआं को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, लीड–पेन व 200 रुपए जब्त किए। दूसरी सूचना पर पुलिस शहर के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित गणेश मंदिर के पास पहुंची। यहां लोगों से रुपए लेकर सट्टा अंक लिख रहा था। मौके से ऋषिमुनि उर्फ लाला (20) पिता लक्ष्मण जाटव निवासी ग्वालटोली को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, लीड–पेन व 100 रुपए जब्त किए। दोनों के खिलाफ जुआ, सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## जावद के सीएम राईस स्कुल मे छात्र गुटों मे विवाद

सीएमराइज स्कूल के छात्र आपस में भिड़ गई। इस दौरान छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। झगड़ा पानी पीने के दौरान वॉल्ब खोलने को लेकर हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मारपीट होने के बाद स्कूल स्टॉफ की समझाईश के बाद मामला शांत हो गया था। मगर शुक्रवार शाम को बदला लेने की नीयत से फिर छात्रो के बीच विवाद हुआ जिसमे एक छात्र द्वारा अन्य साथियों को बुलाकर छात्रो के साथ मारपीट की गई । मामले ने तूल पकड़ लिया और बड़ी संख्या मे भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ देखकर मारपीट करने वाले छात्र व उनके साथी वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही पालराखेड़ा व आसपास के ग्रामीण जावद थाने पंहुच गए। पुलिस से प्रकरण दर्ज करने को कहा गया। पुलिस द्वारा छात्रो के बयान के आधार पर सात लोगो पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

## जिला प्रशासन द्वारा नीमच में जिला स्तरीय औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रत्साहन कार्याशाला सम्पन्न ।

नीमच 30 नवम्बर 2024, नीमच में जल्दी ही औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन फेसिलिटेशन सेंटर प्रारंभ किया जाएगा। इसकी तैयारियां प्रांरभ हो गई है। इससे निवेशकों, उद्योगपतियों को सुविधा मिलेगी।यह जानकारी जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को  नीमच जिले में औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में दी गई।  जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के अथक प्रयासों से शनिवार को जिला स्तरीय औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्घ्पन्घ्न हुई। इस कार्यशाला में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, श्री दिलीप सिह परिहार, श्री अनिरूद्ध मारू, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जायसवाल, फेडरेशन आफ इंडियन एक्पोर्ट आर्गेनाईजेशन के म.प्र.प्रमुख श्री अमित बरेठा, विदेश व्यापार निदेशालय के श्री प्रशांत बोकाडे, एमएसएमई विकास संस्थान इंदौर के सहायक निदेशक श्री आई तिर्केसहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, मण्डी व्यापारी, उद्योगपति, पहली बार उद्योग लगाने के इच्छुक ट्रेडर्स, उद्योग संघ के प्रतिनिधि, पदाधिकारी, आदि उपस्थित थे।  विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने कहा, कि उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है, इससे नये उद्योग अवश्य आएंगे। उन्होने कॉलेजों में युवाओं को कार्यशाला आयोजित कर औद्योगिक विकास के लिए प्रेरित करने का सुझाव भी दिया। उन्होने कहा, कि जिले में प्रोसेसिंग क्षेत्र में असीम सम्भावनाएं है।

सत्य का ब्रह्मास्त्र
स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)
https//:sbpatra.in
पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध





YouTube
SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !
https://sbpatra.in/




# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।


# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



## https//:sbpatra.in



## पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## बांग्लादेश मे हिन्दुओ कि स्थिति पर भारत विदेश मंत्रालय ने बयान दिया , बांग्लादेश सरकार हिन्दुओ कि सुरक्षा क़ी जिम्मेदारी ले l

*भारत का कहना है कि बांग्लादेश सरकार जिम्मेदारी ले मिडाया के दिखाने का बहान न बनाए*

चटगांव इस्कॉन के पूर्व प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी चटगांव मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में जाते हुए ।बांग्लादेश में इस्कॉन धर्मगुरू चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी और हिंदुओं के हालात पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में हिंदुओं और बाकी अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर अपना विरोध जताया है। जायसवाल ने कहा कि हमने इस बात पर जोर दिया है कि बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अंतिरमसरकार यह कहकर जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती है कि इस मामले को मीडिया बढ़ा–चढ़ाकर पेश कर कर ही है।




भारत का इस्कॉन चिन्मय प्रभु के साथ – इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) की भारतीय शाखा ने बांग्लादेश में इस्कॉन के धर्मगुरू चिन्मय कृष्ण प्रभु दास को लेकर अपना रुख साफ किया है। इस्कॉन ने शुक्रवार रात सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि चिन्मय प्रभु संगठन के आधिकारिक सदस्य नहीं थे, लेकिन वे उनके अधिकार और बोलने की आजादी का समर्थन करते हैं।

## इजराइल हिजबुल्लाह का एक-दुसरे पर सीजफायर तोडने का आरोप



लेबनान में सीजफायर के अगले दिन ही इजराइल और हिजबुल्लाह एक दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। हिज्जबुलाह सांसद हसन फदलल्लाह ने कहा– इजराइल बॉर्डर से सटे गांवों में लौटने वालों पर हमला कर रहा है। इजरायली टैंकों ने गुरुवार को बॉर्डर के पास वाले इलाकों पर हमला किया। रॉयटर्स के मुताबिक, हिज्जबुल्लाह की सेंट्रल लीडरशिप ने बयान जारी कर फिलिस्तीनियों के सपोर्ट में इजराइली दुश्मन का विरोध जारी रखने का वादा किया। बयान में कहा गया– हमारी उंगलियां ट्रिगर पर रखी हुई हैं और हम लेबनान की सीमा के पार भी इजराइली सेना की वापसी पर नजर रखेंगे। हिज्जबुल्लाह के बयान में कहीं भी सीजफायर समझौते का सीधा जिक्र नहीं किया गया। वहीं, इजराइल का कहना है कि गाड़ियों पर सवार कुछ संदिग्ध लोग लेबनानके दक्षिणी क्षेत्र में पहुंचे थे। लेबनान के दक्षिणी शहर नबातिह में कई इलाके युद्ध की वजह से पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। लेबनान के दक्षिणी शहर नबातिह में कई इलाके युद्ध की वजह से पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। फ्रांस और अमेरिका की मध्यस्थता से सीजफायर हाल ही में अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से इजराइल और हिजबुल्लाह सीजफायर के लिए सहमत हुए थे। जिसके बाद इजराइल की वॉर कैबिनेट ने लेबनान में 60 दिन के लिए सीजफायर डील को मंजूरी दी थी। सीजफायर शुरू होने के कुछ ही घंटे बाद उत्तरी लेबनान से लोग दक्षिणी लेबनान में लौटने लगे। 23 सितंबर को इजराइल के घातक मिसाइल हमले के बाद हजारों परिवार घर छोड़कर अन्य जगहों पर शरण लेने चले गए थे। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, बुधवार सुबह बेरूत में सैकड़ों लोग बाइक और गाड़ियों से सिडोन, गाजियेह और टायर शहर की तरफ लौटते दिखे। लोग हिजबुल्लाह के झंडे और मारे गए नेता नसरल्लाह की तस्वीरें साथ लेकर शहर लौट रहे थे।

## पंजाबी युवक ने कनाडा मे तीन महिलाओ के साथ रेप किया ,कैब मे बैठाकर सुनसान जगह ले जाकर करता था वारदात l

*गिरफ्तार युवक का नाम अर्शदीप है जो २२ वर्ष का है और स्टडी वीजा पर कनाडा गया था।*



कनाडा की पील पुलिस ने एक पंजाबी युवक को गिरफ्तार किया है। युवक पर 3 महिलाओं से रेप का आरोप है। सभी घटनाएं इसी महीने की हैं। आरोपी राइडशेयर ऑपरेटर बनकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था और फिर उन्हें सुनसान जगहों पर ले जाकर रेप करता।

गिरफ्तार युवक की पहचान अर्शदीप सिंह (22) के रूप में हुई है। युवक दिसंबर 2022 में स्टडी वीजा पर पंजाब से कनाडा आया था। वह कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में रह रहा था। मामले को सुलझाने के लिए पील और याक पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि युवक बीच–बीच में पंजाबी में बात करता था। जिसके बाद पुलिस ने पंजाबी मूल के युवक से पूछताछ शुरू की। कल (27 नवंबर) पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

जानें कब–कब की घटनाएं – 8 नवंबर, 2024 – सुबह करीब 7रू00 बजे (कनाडाई समयानुसार), एक महिला बस स्टॉप (काउंट्राइड ड्राइव और ब्रूमली रोड, ब्रैम्पटन) पर खड़ी थी। एक काले रंग की 4–डोर सेडान कार के ड्राइवर ने खुद को राइडशेयर ऑपरेटर के रूप में पेश किया। महिला को वॉन शहर (हाईवे 27 और नैशविले रोड) ले गया। महिला के साथ जबरदस्ती रेप किया।

## ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मिडिया बैन का बिल पास , ऐसा करने वाला पहला देश

**नियम तोडने पर सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म से रू 275 करोड का जुर्माना l**



ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल संसद से पारित हो गया। पक्ष और विपक्ष दोनों ने इस बिल का समर्थन किया। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश है। बिल के मुताबिक, अगर एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर 275 करोड़ रुपए (32.5 मिलियन डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसमें माता–पिता की सहमति या पहले से मौजूद खातों के लिए कोई छूट नहीं दी जाएगी। कानून बनने के बाद, प्लेटफॉर्म के पास प्रतिबंध को लागू करने के तरीके पर काम करने के लिए एक साल का वक्त होगा। प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने भी बिल का सपोर्ट किया। 25 नवंबर संसद में बोलते हुए एल्बनीज ने सोशल मीडिया को टेंशन बढ़ाने वाला, ठगों और ऑनलाइन अपराधियों का हथियार बताया था। उन्होंने कहा– वह चाहते हैं कि आस्ट्रेलियाई युवा फोन छोड़कर फुटबॉल, क्रिकेट और टेनिस खेलें।

ब्रिटिश सरकार भी बैन की तैयारी कर रही – ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर चलते हुए, ब्रिटिश सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार , ब्रिटेन के टेक्नोलॉजी सेक्रेटरी पीटर काइल का कहना है कि वह ऑनलाइन सुरक्षा तय करने के लिए ष्जो भी करना होगा, करेंगेष्। खासतौर पर बच्चों के लिए। पीटर काइल ने यह भी कहा कि युवाओं पर स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रभावों को लेकर और ज्यादा रिसर्च करने की जरूरत है। अभी इसे लेकर अभी तक हमारे पर कोई ठोस सबूत नहीं है।

## रूस ने यूक्रेन पर 188 मिसाइलें-ड्रोन दागे l एनर्जी l

**ठिकानों को निशाना बनाया, 10 लाख लोग बिना बिजली 0 डिग्री तापमान में रहने को मजबूर**

रूस ने 188 मिसाइल्स और ड्रोन से यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने बताया, हमले की वजह से देश में ऊर्जा के लगभग सारे साधन ठप पड़ गए हैं। ठठब की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में लगभग 10 लाख लोगों को 0 डिग्री तापमान में बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। हालांकि, अभी तक रूस ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया।

यूक्रेनी ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशेंको का कहना है कि, यूक्रेन में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक हो रहे हैं, इस वजह से नेशनल पावर ग्रिड के ऑपरेटर ने इमरजेंसी बिजली कटौती शुरू कर दी है। कीव, ओडेसा, निप्रो और डोनेट्स्क में बिजली सप्लाई में मुश्किल हो रही है। रूस ने फरवरी 2022 के बाद से कई बार यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है, इस वजह से बार–बार देश भर में इमरजेंसी बिजली कटौती और रोलिंग ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हुई ।

## ताइवान के एयर स्पेस में घुसे चीनी विमान लगातार तीसरे दिन घुसपैठ

**अमेरिका विमानो कि निगरानी के लिए चीन ने समुद्र मे जहाज तैनत किए l**



ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि चीन उसकी सीमा के आस–पास सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। बुधवार सुबह चीन के करीब 17 विमान और 7 जहाज ताइवान की सीमा के पास पहुंचे। इनमें से 10 विमानों ने ताइवान के एयरस्पेस में घुसपैठ भी की है। चीन ने पिछले कई दिनों में ताइवान की सीमा में घुसपैठ बढ़ाई है। इससे पहले मंगलवार को भी चीन के 5 विमान और 7 जहाजों को ताइवान सीमा के पास देखा गया था। इनमें से 4 विमान ताइवान के एयरस्पेस में घुसे थे। वहीं सोमवार को भी चीन के 12 विमानों और 7 जहाजों ने ताइवान की सीमा को पार किया था। अमेरिकी विमानों की निगरानी कर रहा चीन – चीन ने मंगलवार को अमेरिकी नौसेना के विमानों की निगरानी के लिए अपने सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है। अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े के पी–8ए पोसीडॉन विमान ने चीन और ताइवान के बीच समुद्री रास्ते से उड़ान भरी थी। चीन ने अमेरिका के इस कदम की आलोचना करते हुए इस क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा बताया था। वहीं अमेरिका ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक गश्ती करने के लिए सही ठहराया था। चीन और ताइवान के बीच जारी विवाद में अमेरिका, ताइवान के लिए हथियारों का सबसे बड़ा मददगार है।

# खबरों के लिए लोगिंन करे

# https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा